दिन—बुधवार दिनांक— 12/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव में इस बार बिहार में सबसे अधिक मतदान हुआ है। दो सौ तैंतालीस सीटों के लिए हुये चुनाव के दोनों चरणों में रिकॉर्ड छियासठ दशमलव नौ एक प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में वर्ष उन्नीस सौ इक्यावन के बाद से हुए सभी चुनावों में सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत इस बार दर्ज किया गया। इस बार के चुनाव में महिलाओं की भी रिकॉर्ड इकहत्तर प्रतिशत से अधिक की भागीदारी रही। पहले चरण में जहां पैंसठ प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, वहीं दूसरे चरण में करीब उनहत्तर प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा पहली बार बिहार के इतिहास का सबसे अधिक महिला मतदान प्रतिशत भी दर्ज किया गया। पुरुष मतदाताओं की भागीदारी बासठ दशमलव आठ प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं की भागीदारी रिकॉर्ड इकहत्तर दशमलव छह प्रतिशत रहा।

दूसरे चरण में कटिहार जिले में सबसे अधिक उनासी दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, किशनगंज में अठहत्तर दशमलव एक छह प्रतिशत और पूर्णिया में छिहत्तर दशमलव चार पांच प्रतिशत वोट डाले गये। इसके अलावा सुपौल, पूर्वी चम्पारण और बांका जिले में भी सत्तर प्रतिशत से अधिक मत पड़े। सबसे कम नवादा में सत्तावन दशमलव आठ छह प्रतिशत मतदान हुआ। हांलाकि ये आंकड़ा पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में आठ प्रतिशत अधिक है।

———————————————————

विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान की समाप्ति के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपनी—अपनी जीत के दावे किए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि मतदाताओं ने एनडीए को एक बार फिर सत्ता में वापस लाने का मन बना लिया है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि चौदह नवम्बर को प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दावा किया कि एक सौ साठ सीटों पर एनडीए को जीत मिलने जा रही है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि लोगों का जो रूझान दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि एनडीए की एक बार फिर से वापसी होने जा रही है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि इस

बार राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। दूसरी ओर, जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि लोगों ने इस बार परिवर्तन के लिए मतदान किया है। दोनों चरणों में हुई वोटिंग बदलाव का संकेत देती है।

————————————————————————

विधानसभा चुनाव के लिए चौदह नवम्बर को मतगणना होगी। मतगणना के लिए पटना समेत राज्य के विभिन्न जिलों में छियालीस स्थानों पर मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। सभी मतगणना केंद्रों के पास स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में तीन चक्रों में कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि मतगणना केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम की सीसीटीवी कैमरे के जरिये निगरानी की जा रही है। इन स्थलों पर उम्मीदवारों और उनके मतगणना अभिकर्ताओं के रहने के भी प्रबंध किए गए हैं।

————————————————————————

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उन्नीस सौ सैंतालीस में अब आकाशवाणी के स्टूडियो में पहली और अंतिम बार आने की याद में मनाया जाता है। राष्ट्रपिता ने सतहत्तर वर्ष पहले आकाशवाणी से अपने संबोधन में कहा था कि ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से उनका प्रयास है कि लोगों तक अपनी बात पहुंचा सके।

————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान पन्द्रह डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान मौसम के रूख में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।